## कैलिफोर्निया राज्य PTA के केन्द्रीय मूल्य

कैलिफोर्निया राज्य PTA एक व्यावसायिक, लाभ न कमाने वाला, स्वैच्छिक संगठन है, जो सभी बच्चों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

हमारा मानना है कि प्रत्येक वयस्क की यह जिम्मेदारी है कि वह सभी बच्चों की पूरी क्षमता का विकास सुनिश्चित करे।

हमारा मानना है कि बच्चों के पहले शिक्षक उनके माता-पिता होते हैं और बच्चे के पूरे शैक्षिक विकास के दौरान उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

हमारा मानना है कि परिवार, समाज की बुनियादी इकाई है और सभी बच्चों को सहारा देना और उनका भरण-पोषण करना परिवार की जिम्मेदारी है। हम यह भी मानते हैं कि परिवार को कई प्रकार से परिभाषित किया जा सकता है।

हमारा मानना है कि हमारी जिम्मेदारियों में सभी बच्चों की सुरक्षा तथा कल्याण का ध्यान रखना और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा के अवसर दिलाना शामिल है।

## हमारा ध्येय

कैलिफोर्निया राज्य PTA का ध्येय है सभी बच्चों और उनके परिवारों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालना। इसके लिए हम अपने सदस्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन्हें अधिकार संपन्न बनाते हैं और परामर्श, नेतृत्व तथा संचार कौशल बढ़ाने में उनकी सहायता करते हैं।

निदेशक मंडल द्वारा जुलाई 2007 में स्वीकृत

## PTA के अभियान को कार्यान्वित करना

National PTA की एक शाखा, कैलिफोर्निया राज्य PTA का कार्य निदेशक मंडल द्वारा संचालित किया जाता है। इसके सदस्यों में निर्वाचित तथा नियुक्त अधिकारी, जिला PTA अध्यक्षगण, आयुक्त, कानूनी वकील और सलाहकार शामिल हैं, जो सभी स्वेच्छा से काम करते हैं। उनका काम नौ आयोगों द्वारा और स्थायी तथा विशेष समितियों द्वारा संपन्न होता है। कैलिफोर्निया में PTA के अभियान को कार्यान्वित करने में यूनिट (association), काउंसिल और जिला स्तर के स्वयंसेवक भी काम करते हैं।

PTA में शामिल हों

आज ही अपने स्कूल को कॉल करें!

कैलिफोर्निया के बच्चे
आपकी भागीदारी की आवश्यकता है

## नेतृत्व

कैलिफोर्निया राज्य PTA नेता तैयार करने के लिए लगातार प्रशिक्षण देती है, ताकि:

- संगठन के उद्देश्य पूरे किये जा सकें;
- PTA के सिद्धांतों, दिशानिर्देशों और संगठन से परिचित हो सकें;
- नेतृत्व प्रबंधन की कुशलता विकसित हो सके;
- PTA सदस्यों, माता-पिता, स्कूल के कर्मचारियों और समुदाय के साथ काम करने की क्षमता और आत्मविश्वास पैदा हो सके।

## छात्रवृत्तियाँ और अनुदान

कैलिफोर्निया राज्य PTA हाई स्कूल सीनियर छात्रवृत्तियाँ, शिक्षकों और स्कूल नर्सों के लिए आगे की शिक्षा जारी रखने की छात्रवृत्तियाँ, PTA स्वयंसेवक छात्रवृत्तियाँ, सांस्कृतिक कला, नेतृत्व विकास, माता-पिता की शिक्षा और अनुवाद के लिए अनुदान प्रदान करती है। छात्रवृत्ति और अनुदान के लिए धनराशि ऑनरेरी सर्विस अवार्ड कार्यक्रम (Honorary Service Award Program) के माध्यम से जुटाई जाती है, जो शिक्षा तथा बाल कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मानित करता है। पिछले पचास वर्षों में कैलिफोर्निया राज्य PTA ने छात्रवृत्ति और अनुदान के रूप में 50 लाख डॉलर से अधिक राशि प्रदान की है।

## पहुँच

कैलिफोर्निया राज्य PTA का पूरा प्रयास है कि हमारे स्कूलों और समुदायों में बदलती हुई जातीय तथा सांस्कृतिक विविधता को पूरी पहचान मिले। *California State PTA Toolkit, PEP Guide*, संगठन के नियम तथा अन्य सामग्री स्पैनिश भाषा में भी उपलब्ध हैं।

## व्यापारी समुदाय के साथ भागीदारी

PTA व्यापारी समुदाय के साथ ऐसे परस्पर लाभप्रद उद्यमों में शामिल होती है, जिनसे उसकी अव्यावसायिक नीति पर असर न पड़े। PTA और व्यापारी समुदाय मिलकर, सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए काम करते हैं।

California State PTA
2327 L Street
Sacramento, CA 95816-5014
916.440.1985 फैक्स 916.440.1986
capta.org info@capta.org

नवम्बर 2007

California State PTA®
everychild. onevoice.

# भागीदारी से अंतर पड़ता है



## हम कौन हैं...

PTA माता-पिता, शिक्षकों, छात्रों, स्वास्थ्य तथा कल्याण व्यावसायिकों, और समुदाय के सदस्यों का सबसे बड़ा स्वैच्छिक संगठन है, जो घर, स्कूल और समुदाय में सभी बच्चों और युवाओं की शिक्षा तथा कल्याण कार्यों को बेहतर बनाने के लिए कार्यरत है।

## PTA ने...

बाल श्रम कानूनों को लागू करने और बाल न्याय कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देने के लिए काम किया है;

पर्याप्त वित्तीय सहायता के साथ अनिवार्य सार्वजनिक शिक्षा को समर्थन दिया है, जिसमें किंडरगार्टन, कक्षा में बच्चों की संख्या कम करना और पाठ्यक्रम में कला विषयों और संसाधनों को समन्वित करना शामिल है;

राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को स्थापित करने और स्कूलों में सुबह के नाश्ते और दोपहर के भोजन के कार्यक्रमों सहित स्वास्थ्य तथा पोषाहार कार्यक्रमों को विकसित करने का काम किया है;

माता-पिता/परिवार की भागीदारी के राष्ट्रीय मानदंडों (National Standards for Parent/Family Involvement) और परिवार तथा चिकित्सा अवकाश अधिनियम (Family and Medical Leave Act) को प्रोत्साहन दिया है।

## PTA के उद्देश्य

घरों, स्कूलों, समुदायों और धार्मिक स्थलों में बच्चों और युवाओं के कल्याण को बढ़ावा देना।

घरेलू जीवन के स्तर को ऊँचा उठाना।

बच्चों और युवाओं की देखभाल और सुरक्षा के लिए पर्याप्त कानूनों की व्यवस्था करना।

घर और स्कूल के बीच घनिष्ठ संबंध स्थापित करना ताकि माता-पिता और शिक्षक, बच्चों और युवाओं की शिक्षा में बुद्धिमत्ता से सहयोग कर सकें।

शिक्षकों और आम जनता के बीच ऐसे संयुक्त प्रयास विकसित करना, जिनसे सभी बच्चों और युवाओं के लिए शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक शिक्षा के सर्वोच्च लाभ प्राप्त हो सकें।



## *हमारी प्राथमिकतायें...*

### शिक्षा

PTA प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्चतर शिक्षा तक शिक्षा से संबंधित सभी मुद्दों पर ध्यान देती है और प्रतिबद्ध है:

- स्कूलों और शिक्षा संबंधी निर्णय लेने की प्रक्रिया में माता-पिता और समुदाय की भागीदारी मजबूत बनाने में विभिन्न PTA को मदद देने के लिए;
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि सार्वजनिक धन का इस्तेमाल सार्वजनिक शिक्षा के लिए ही किया जाये; और
- सुनिश्चित करने के लिए कि राज्य, स्कूल जिले और स्थानीय स्तर पर PTA, हर बच्चे को उत्कृष्ट शिक्षा का समान अवसर दिलाने के प्रयासों में सक्रिय योगदान करें।

### स्वास्थ्य

PTA स्वास्थ्य के महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देती है, जैसे कि बच्चों का मोटापा; नशीली दवाओं, शराब और तंबाकू के सेवन की बुराइयों के बारे में जागरूकता और रोकथाम; एंटीबायोटिक का प्रभाव कम होने के बारे में जागरूकता; स्कूलों में स्वास्थ्य योजनायें; और कीटनाशकों के इस्तेमाल सहित पर्यावरण से संबंधित मुद्दे। PTA अन्य एजेंसियों और सलाहकारों के सहयोग से उपलब्ध कराती है:

- बच्चों, युवाओं और उनके परिवारों को प्रभावित करने वाले स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी।
- माता-पिता, शिक्षकों और छात्रों को वेब लिंक्स, प्रकाशनों, कक्षाओं में शिक्षा कार्यक्रमों, सम्मेलन में प्रदर्शित वस्तुओं, सम्मेलनों और प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वास्थ्य से संबंधित विषयों के बारे में शिक्षित करने के लिए विभिन्न PTA को संसाधन।

### कानून

"बच्चों और युवाओं की देखरेख और संरक्षण के लिए पर्याप्त कानून" बनाये जाने के कैलिफोर्निया राज्य PTA के प्रयासों का नेतृत्व वकीलों का एक स्वैच्छिक दल करता है।

- कैलिफोर्निया राज्य की PTA परामर्श तथा शिक्षण प्रयासों के बीच समन्वय स्थापित करती है ताकि राज्य और संघ के निर्वाचित अधिकारियों, सरकारी एजेंसियों तथा कैलिफोर्निया के सभी निवासियों को PTA के विचारों से अवगत करा सके।
- पीटीए की कानून से संबंधित सूचनाओं (PTA Legislative Alerts) और प्रस्तावित कानूनों तथा कदमों के बारे में PTA की राय कैलिफोर्निया राज्य PTA वेबसाइट **www.capta.org** पर अंकित की जाती है और इलेक्ट्रॉनिक सब्क्रिप्शन द्वारा उपलब्ध है।

## माता-पिता की भागीदारी

PTA माता-पिता को सूचनायें तथा प्रशिक्षण उपलब्ध कराती है ताकि वे अपनी जिम्मेदारी बेहतर ढंग से निभा सकें और स्कूलों में ज्यादा भागीदारी निभा सकें। PTA के संसाधनों में शामिल हैं:

- *Parents Empowering Parents Guide* अंग्रेजी और स्पैनिश भाषाओं में उपलब्ध है। PTA के सदस्य इसका उपयोग माता-पिता की मदद के लिए कर सकते हैं ताकि वे अपने बच्चों को स्कूल में सफल होने में सहायता कर सकें;
- *PTA Parent Talk* ब्रोशर से माता-पिता और बच्चों के बीच संचार-संपर्क बेहतर बनाने और सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।
- *Involvement Makes a Difference*, *PTA Membership Benefits You*, और *Put Yourself in the PTA Picture*, इन ब्रोशरों (विवरणिका) में माता-पिता और वयस्कों को घर, स्कूल और समुदाय में अपनी भागीदारी बढ़ाने के बारे में सुझाव दिये गये हैं।

### समुदाय की चिंतायें

PTA ऐसे कार्यक्रमों और परियोजनाओं को बढ़ावा देती है, जिनसे बच्चों और उनके परिवारों की सुरक्षा तथा देखभाल प्रभावित होती है। इनमें शामिल हैं:

- खतरों के लिए तैयारी, बच्चों की सुरक्षा, सुरक्षा शिक्षा;
- परिवारों का संरक्षण और बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाना;
- युवाओं को हिंसा और गुंडागर्दी से रोकना, गैंग में शामिल होने से बचाना, हिंसा के लिए बंदूकों का इस्तेमाल करने से रोकना; और
- नागरिकता।

### संचार

PTA संचार के निम्नलिखित साधन उपलब्ध कराती है:

- कैलिफोर्निया राज्य PTA का औपचारिक न्यूजलेटर *PTA in California*, जिसमें संगठन के बारे में जानकारी (सूचना-सार) तथा PTA के सदस्यों से संबंधित मुद्दों की जानकारी दी जाती है। यह PTA अध्यक्षों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है और अन्य लोगों को सब्क्रिप्शन से प्राप्त हो सकती है।
- *The Communicator*, जिसमें प्रिंटिंग के लिए तैयार, सामयिक विषयों और मुद्दों पर जानकारी दी जाती है। सब्क्रिप्शन पर उपलब्ध है।
- कैलिफोर्निया राज्य PTA वेबसाइट **www.capta.org** पर विविध जानकारी, संसाधन, अन्य साइट्स की लिंक्स दी जाती हैं। इस वेबसाइट पर *PTA in California* और *The Communicator* भी पोस्ट किये जाते हैं।
- मीडिया के प्रभाव के बारे में शैक्षिक जानकारी। PTA का मानना है कि घर और स्कूल मिलकर बच्चों को मीडिया का संदेश समझने में मदद कर सकते हैं।